BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 18 अप्रैल, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली देहात**

बाइक सवार शातिर बदमाश के साथ थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 17/18.04.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम अनूपशहर रोड़ हजरतपुर बम्बे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुका तथा बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर बम्बा पटरी की ओर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. भवनेश उर्फ अंकुर उर्फ तुषार पुत्र नन्दकिशोर निवासी ग्राम डयौटी थाना बछरायूं जनपद अमरोहा के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व दिल्ली से चोरी की बाइक बरामद हई है तथा चोरी हुई बाइक के सम्बन्ध में थाना मायापुरी दिल्ली पर मुअसं 027321/24 धारा 305(b) बीएनएस पंजीकृत है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 10/11.03.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत जैनपुर अण्डरपास से 01 ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 170/25 धारा 303(2)/109(1) बीएनएस पंजीकृत हैं तथा दिनांक 19.03.2025 को तीनअभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है व चोरी की ट्रेक्टर ट्राली पूर्व में ही बरामद की जा चुकी है। अभियुक्त भवनेश उर्फ अंकुर ट्रेक्टर चोरी की उक्त घटना में लगातार वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- भवनेश उर्फ अंकुर उर्फ तुषार पुत्र नन्दकिशोर निवासी ग्राम डयौटी थाना बछरायूं जनपद अमरोहा।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।

2- हीरो स्प्लेन्डर चोरी की बाइक (बिना नम्बर)

गिरफ्तार अभियुक्त भवनेश उर्फ अंकुर का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं 32/23 धारा 379/411 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

2- मुअसं 33/23 धारा 379/411 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

3- मुअसं 34/23 धारा 34/414/420 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

4- मुअसं 35/23 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

5- मुअसं 232/23 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप अधि0 थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

6- मुअसं 513/22 धारा 379/411 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।

7- मुअसं 170/25 धारा 303(2)/317(2)/112/61(2) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

8- मुअसं 027321/24 धारा 305(b) बीएनएस थाना मायापुरी दिल्ली।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री प्रेमचन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात
2. उ0नि0 श्री वरुण शर्मा, उ0नि0 श्री सुनील, उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार, उ0नि0 श्री बलवीर सिंह
3. है0का0 संजय त्यागी, का0 श्याम सुन्दर, का0 गौरव राणा, का0 राजकुमार।

मीडिया सेल बुलन्दशहर